## एक नजर में

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया

**सरदारपुर** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद









सरदारपुर के जन प्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी सलोनी अग्रवाल,महोदय, तहसीलदार महोदय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं निकाय कर्मचारीगणो द्वारा कार्यालय प्रांगण मे पौधा रोपण किया गया, तत्पश्चात निकाय के अधिकारी कर्मचारी द्वारा माही नदी घाट, श्री गायत्री मंदिर प्रांगण मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारीयो के साथ पौधारोपण कर, पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण का संदेश दिया, पौधारोपण कार्यक्रम में नगर परिषद सरदारपुर के, सीएमओ यशवंत शुक्ला नगर परिषद कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ पौधारोपण



**कुक्षी**। विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर नगर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के के तहत भाजपा नगर मंडल द्वारा बाग रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में गरिमामय पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बघेल,नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेलम चौहान, स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सदस्यों, भाजपा मंडल पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।पौधारोपण के साथ ही उपस्थित सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

### मैन इंडस्ट्रीज ने गल्फ कंट्रीज में रखा कदम

इंदौर. बड़े व्यास की कार्बन स्टील लाइन पाइप निर्माता कंपनियों में से एक मैन इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसकी सऊदी अरब स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मैन इंटरनेशनल स्टील इंडस्ट्रीज़ कंपनी (एमआईएसआईसी) ने नेशनल पाइप कंपनी लिमिटेड का 100 प्रतिशत अधिग्रहण कर लिया है. निखिल मनसुखानी प्रबंध निदेशक मैन इंडस्ट्रीज़ (इंडिया) लिमिटेड ने कहा यह मैन की वैश्विक विकास यात्रा का एक ऐतिहासिक और निर्णायक क्षण है. एक ही सौदे के माध्यम से हमने 4.30 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की एपीआई-प्रमाणित उत्पादन क्षमता, सऊदी अरामको के साथ दो दशकों से अधिक पुराने संबंधों पर आधारित प्रतिष्ठित ग्राहक आधार तथा पूर्णत: ऋण-मुक्त बैलेंस शीट हासिल की है, वह भी ऐसे मूल्यांकन पर जो समान परिसंपत्तियों के बाजार मूल्यांकन का केवल एक छोटा हिस्सा है.

### अवादा भारत उदय यात्रा इंदौर पहुंची

इंदौर. स्वच्छ ऊर्जा बनाने वाली कंपनी अवादा ग्रुप की ओर से आयोजित अवादा भारत उदय यात्रा इंदौर पहुंची. स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान इंदौर में इस यात्रा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और संस्थाओं को टिकाऊ ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया गया. इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा आज वह समय आ गया है जब हम पूरी तरह से प्राकृतिक ऊर्जा की ओर बढ़ें. 'अवादा भारत उदय यात्रा' के जरिए हम स्वच्छ ऊर्जा को हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि यह केवल एक अभियान न रहकर एक जन-आंदोलन बन जाए.

### ऐलन्स पोटैटो चिप्स' का लिमिटेड-एडिशन लांच

इंदौर. दुनिया भर में फुटबॉल प्रेमियों पर फुटबॉल का खुमार छाया है. ऐसे में रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपने लोकप्रिय ब्रांड 'ऐलन्स पोटैटो चिप्स' के विशेष लिमिटेड-एडिशन रेंज के साथ इस रोमांच को सीधे स्नैक प्रेमियों तक पहुंचा रहा है. फुटबॉल की कुछ प्रतिष्ठित टीमों और देशों से प्रेरित इस नई कलेक्शन में चार अंतरराष्ट्रीय फ्लेवर शामिल हैं, जो स्पेन, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और पुर्तगाल की भावना, स्वाद और ऊर्जा को दर्शाते हैं. इस लिमिटेड-एडिशन कलेक्शन को उपभोक्ताओं की बदलती पसंद और स्वाद को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है. टमाटर आज भी भारत के सबसे पसंदीदा फ्लेवर प्रोफाइल में से एक है, जबकि चीज़-आधारित स्नैक्स की मांग उपभोक्ताओं के बीच तेजी से बढ़ रही है. इसके साथ ही, तीखे और बोल्ड स्वादों की लोकप्रियता भी लगातार बढ़ रही है.

### टीकेएम ने एनवायरनमेंट मंथ का आयोजन किया

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 'एनवायरनमेंट मंथ 2026' की शुरुआत की है, जिसका थीम है रिसोर्स रीसाइक्लिंग के जरिए क्लाइमेट पॉज़िटिव कंपनी की ओर कदम. टीकेएम अपने ऑपरेशन्स में रिसोर्स खपत कम करने और वेस्ट घटाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है. कंपनी का लक्ष्य अगले पाँच वर्षों में क्रॉस-फंक्शनल सुधार गतिविधियों के माध्यम से पैकेजिंग उपयोग में 12.5% कमी करना है. बी. पद्मनाभा, एक्ज़ीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर मैन्युफैक्चरिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा एनवायरनमेंट मंथ 2026 के माध्यम से हम रिसोर्स रीसाइक्लिंग और वेस्ट रिडक्शन पर अपना ध्यान और मज़बूत कर रहे हैं, साथ ही वैल्यू चेन में टिकाऊ प्रैक्टिसेज़ को प्रोत्साहित कर रहे हैं. हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर व्यक्ति का योगदान, चाहे वह छोटा क्यों न हो, सार्थक बदलाव ला सकता है.

### सैमसंग ने नए गैलेक्सी वॉच फीचर्स लॉन्च किए

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सैमसंग हेल्थ ऐप के लिए एक बड़े अपडेट की घोषणा की है. 8 जून से सैमसंग इस ऐप अपडेट को रोल आउट करना शुरू कर देगा ताकि आगामी गैलेक्सी वॉच में मिलने वाले मुख्य हेल्थ फीचर्स की झलक दिखाई जा सके. यह अपडेट रात की नींद से लेकर दिनभर की गतिविधियों तक के जटिल बायोमेट्रिक डेटा को सरल और काम आने वाले सुझावों में बदलकर रोज़ाना के स्वास्थ्य प्रबंधन को बहुत आसान बना देता है.

# बैंक का कर्मचारी बनकर हजारों की धोखाधड़ी

**पहले भी कई ग्राहकों के साथ हुई है धोखाधड़ी,, जिम्मेदार क्यों रहते हैं मौन, इससे क्या लगता है कि बैंक में लाखों रुपए सुरक्षित है क्या**





**सरदारपुर** .कैडिट कार्डफोड से दिया धोखा आखिर बैंक में रखें सुरक्षित ग्राहकों के लाखों रुपए, क्यों सुरक्षित नहीं है इससे तो यह साबित होता है कि बैंक कि मिली भगत का प्रमाण है एक पढ़े-लिखे आदमी के साथ इतना बड़ा धोखा तो फिर निरक्षर के साथ क्या होगा,, तत्काल कार्रवाई न होना पुलिस कि,लापरवाही सामने आती है हुल्लाश पाटीदार निवासी राजगढ़, जिला धार, मध्य प्रदेश हूं। मेरे साथ ओनलाइन बैंकिंग केडिट कार्ड माध्यम से फोड हुआ है। घटना का विवरण इस प्रकार है।

बैंक ऐप का नाम एक्सिस बैंक, ट्रांजैक्शन दिनांक- 26/05/2026, समय- 04.21 पीएम, राशि- 70,897.50, *TR/Transaction ID*- 1296655595, मोबाइल नंबर- 9893096278, फोड का विवरण: मेरे खाते / क्रेडिट कार्ड से बैंक का कर्मचारी बनकर धोखाधडी के माध्यम से 70,897.50 की राशि कट गई।

यह ट्रांजैक्शन *PhonePe Limited* के माध्यम से प्रदर्शित हो रहा है। मैंने संबंधित बैंक एवं ऐप को शिकायत दी है, परंतु अभी तक उचित समाधान प्राप्त नहीं हुआ है। मुझ से दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 4 बजकर 21 मिनिट पर फाड़ हुआ था जिस पर मेरे द्वारा अपनी एक्सीस बैंक की नजदीकी शाखा मे सम्पर्क किया गया वहा पर मेने स्वंय ने कस्टमर केयर के नम्बर पर काल करके कार्ड समय 7 बजकर 31 मिनीट पर ब्लाक करवाया गया। साथ ही मेरे द्वारा यह भी बताया गया कस्टमर केयर पर की अभी मेरा पेमेन्ट की राशी फोन पे लिमिटेड पर ट्राजेक्सन बता रहा है जो की इन प्रोसेस है कृपया करे मेरा ट्राजेक्सन रोकने का कष्ट करे परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक्सीस बैक पर जाने के पूर्व मेरी पत्नी के द्वारा राजगढ थाने के माध्यम से पुलीस कर्मी के द्वार सायबर काइम पर्पोटल पर शिकायत दिनांक 26.05.2026 को साय: 6 बजकर 15 मिनिट पर दर्ज की गई जिसका शिकयत कमाक 32105260023397 है। मेरे द्वारा कस्टमर केयर एक्सीस बैक पर 26.05.2026 को एवं 27.05.2026 को भी सम्पर्क कर पेमेन्ट को डिक्लाईन करने का निवेदन किया गया परन्तु पेमेन्ड डिक्लाईन करने से मना कर दिया और कहा गया की हमारे पास पेमेन्ट डिक्लाईन करने के अधिकार नहीं है जब मेने अन्य अधिकारी का नम्बर मागा तो मुझे वो नम्बर भी नहीं दिया गया। मेरे द्वारा घार साईबर सेल मे सम्पर्क किया गया तो मुझे राजगढ़ थाने में सायबर सेल में बात करने को कहा गया मेने जब वहा पुलीस कर्मी से बात की तो उन्होंने कहा की पेमन्ट होल्ड होने की प्रकिया नही हुई है और कल बैंक का अवकाश है हम उनको दिनांक 30.05.2026 मे पत्र लिखेगे। कपृया निमानुसार कार्यवाही कर राशी रिफण्ड करवाने का कष्ट करे। महोदय मुझे मेरी मेल आईडी *hullashwx@gmail.com* पर दिनांक 27.05.2026 को एक्सीस बैंक के मेल के माध्यम से बताया गया की आपकी शिकायत कमाक क्र00003872277-001 की विस्तृत समीक्षा की गई ओर शिकायत की जाँच उनके आन्तरीक लोकपाल के द्वारा की गई जिसमे बैंक ने अपना पहला निर्णय यथावत रखा है और मामले को बन्द कर दिया गया है और यदि आप इस निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो बैकिंग लोकपाल मे शिकायत कर सकते है। दिनांक 30.05.2026 को *pno.@a&i&.bank.in* समय रात्री 7 बजकर 16 मिनीट पर मेल अतुल शर्मा रेगुलेटरी डेस्क से प्राप्त हुआ जिसमे की एक्सीस बैंक ने बताया की यह एक सुरक्षित ट्रान्जेक्सन था, ओटीपी का प्रयोग हुआ है और आपको समय समय पर सचेत भी किया जाता है लिखकर रिफण्ड करने से मना कर दिया। परन्तु महोदय यह एक सोशल इंजीनियरिंग / साईबर फाड था जिसमे की मुझसे ओटीपी मांगने पर मुझे शंक होने पर मेने गलत ओटीपी बताया था जिससे की प्रथम बार में पेमेन्ट डिक्लाईन भी दिनांक 26.05.2026 को समय 4 बजकर 18 मिनिट पर हुआ था परन्तु एक्सीस बैंक केइम्पलाई के मोबाईल नम्बर और फाड़ करने वाले के मोबाईल नम्बर के प्रथम 3 अंक समान थे और उसी कन्फूजन में मुझसे कार्य की व्यस्तता में ओटीपी ले लिया गया। टाईमस ऑफ इण्डिया की वर्ष 2026-2026 में *RBI Report* में भी सबसे ज्यादा यदि किसी बैंक ने वित्तीय ओनलाईन बैंकिग / केडिट कार्ड/आनलाईन बैंकिंग में फाड हुये तो वो भी एक्सीस बैंक में हुआ है जिसकी संख्या 3350 है जिससे की बैंक की सहयोग प्रणाली उपभोक्ता के साथ परिलक्षित होती है। केवल पीन को डाला जाना ही सही माना गया परन्तु मेने जिस परिस्थितयों में पिन दिया उसे नही सुनकर मेरे टाजैक्सन को पूर्ण कर दिया और मुझे मेल के माध्यम से सुचित किया गया की अब आप चाहे तो अपनी रिर्पोट *RBI Portal* पर कर सकते है जबकी मेरे द्वारा समय पर बैंक को 3 घण्टे के पूर्व व सायबर सेल में रिपॉट 2 घण्टे के भीतर कर दी गई फिर भी मेरे पेमेन्ट की प्रोसेस को रोका नहीं गया और पेमन्ट सामने वाली पॉटी को 24 घण्टे में गया। मेरे द्वारा की गई कार्यवाही: बैंक / ऐप कस्टमर केयर को शिकायत दर्ज की साइबर फॉड हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने का प्रयास किया ट्रांजैक्शन को *unauthorized* बताया *complain no* x2105260023397 अत: आपसे निवेदन है कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए मेरी राशि वापस दिलाने का कष्ट करें। संलग्न दस्तावेज: ट्रांजैक्शन स्क्रीनशॉट - संलग्न है बैंक स्त्रू / स्टेटमेंट- संलगन ह शिकायत नंबर सायबर सेल-32105260023397शिकायत नम्बर एक्सीस बैक काल सेन्टर - क्र00003872277-001 एक्सीस बैंक से प्राप्त मेल - हॉ

प्रथम बार मे डिक्लाईन पेमेन्ट का टेक्स मेसेज स्कीन शाट-हॉ

पेमेन्ट फोन पे लिमिटेड पर दिखाया गया इन प्रोसेस

पहचान पत्र की प्रति-हॉ

दिनांक- 27/05/2026

नाम: हुल्लाश पाटीदार

पता: राजगढ़, जिला धार, मध्य प्रदेश

मोबाइल- 9893096278

हस्ताक्षर:

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भाजपा का पौधारोपण

**धार**। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



उसी क्रम में अभियान की शुरुआत भाजपा जिला केंद्र धार पर राजा भोज उद्यान में एक पेड़ मां के नाम विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पटोदिया भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनाने भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला कार्यालय मंत्री मनीष प्रधान अभियान टोली सह संयोजक रितेश अग्निहोत्री किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास शर्मा देवांग पवार शांतिलाल शर्मा विक्रम चावड़ा राजा भाऊ भदौने हरीश आर्य आशुतोष विजयवर्गीय लखन शर्मा सचिन प्रजापत सहित नगर पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## मंदिर परिसर में पौधरोपण कर 51 पौधे भेंट किए

**मांडू । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश देते हुए नालछा जनपद सदस्य व पूर्व भाजपा जिला मंत्री श्री पवन कुशवाह ने अपने जन्मदिवस को सेवा एवं प्रकृति संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी अभियान एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर उन्होंने नालछा स्थित प्राचीन सूरजकुंड हनुमान मंदिर एवं श्री शनिदेव मंदिर परिसर में 5-5 पौधों का प्रतीकात्मक रोपण किया तथा दोनों धार्मिक स्थलों पर 51-51 पौधे भेंट किए। आगामी मानसून सत्र में इन सभी पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित किया जाएगा।**

कार्यक्रम का शुभारंभ सूरजकुंड हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात पौधारोपण कर श्री कुशवाह ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने सभी से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने भी पर्यावरण संरक्षण तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नालछा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप डावर, भाजपा धार ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष राठौड़, जनपद पंचायत नालछा उपाध्यक्ष श्री दिलीप डावर, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री रघु निनामा,बगड़ी मंडल अध्यक्ष श्री लोकेंद्र चौधरी, भाजपा मंडल महामंत्री श्री विनोद ठाकुर,जनपद सदस्य श्री प्रभु बारिया,वरिष्ठ समाजसेवी श्री अशोक मिरदवाल, श्री रूपसिंह मंडलोई, डॉ. महेश यादव, युवा नेता निखिल ग्वाल, नालछा उपसरपंच श्री राकेश कुशवाह,सुरेश दायमा,सोनू मंडवाल,आकाश कुशवाह,पंचायत सचिव श्री गौरीशंकर ओसारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राम भक्ति से कल्याण निश्चित : आचार्य गोपाल कृष्ण

**कुक्षी**। राम कथा रूपी सरोवर में जो भी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ डुबकी लगाता है, वह न केवल स्वयं इस संसार रूपी सागर से तर जाता है,और अपने पूर्वजों का भी उद्धार कर देता है।भगवान कभी भी मनुष्य की जाति-पांति, बिरादरी, रंग-रूप, तन या धन को नहीं देखते वे केवल भक्त का निर्मल मन और सच्चा भाव देखते हैं।जो व्यक्ति मन, वचन और कर्म से सच्चे भाव से राम की भक्ति करता है, उसका कल्याण निश्चित है। यह उदगार इच्छा पूर्ण हनुमान मंदिर मेंचल रही श्री राम कथा के सातवें दिन कथा आचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय ने कही.उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम ने संसार को सीख दी है कि जीवन का मार्ग हमेशा उसी व्यक्ति से पूछना चाहिए जो परमार्थी है परमार्थी ही आपको सही रास्ता दिखाएगा और आपको परम सुख और जीवन की अंतिम मंजिल दोनों प्राप्त होंगे। यदि किसी स्वार्थी व्यक्ति से मार्ग पूछेंगे तो आप अपने लक्ष्य से भटक जाएंगे।कथाचार्य ने प्रेम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यदि मनुष्य प्रभु को सच्चे प्रेम और भाव से याद करता है, तो राम ऐसे भक्त का हाथ कभी नहीं छोड़ते सच्चा प्रेम इतना शक्तिशाली होता है कि वह इंसान को भी भगवान बना देता है। राम की अटूट भक्ति और निस्वार्थ सेवा ही मानव जीवन को पवित्र और सार्थक बनाती है।



**एक नजर में** — कृषि से संस्कृति तक ब्रिक्स देशो के प्रतिनिधियों के कदमों से गुलजार होगा मांडू, कलेक्टर एसपी ने देखी व्यवस्था

## जी-20 के बाद अब ब्रिक्स का स्वागत, जहाज महल में देखेंगे मांडू का जलवा

**मांडू**। जी-20 समूह के दो बार शानदार स्वागत के बाद ऐतिहासिक नगरी मांडू अब विश्व के शक्तिशाली ब्रिक्स समूह के स्वागत के लिए तैयार हैं। कृषि से संस्कृति तक ब्रिक्स प्रतिनिधियों के कदमों से मांडू गुलजार होगा। ऐतिहासिक जहाज महल का भ्रमण कर अतिथि मांडू के प्राचीन वैभव से रूबरू होंगे.बुधवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ऐतिहासिक जहाज महल का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बीते सालों में ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू को त्र-20 की दो अगवानी का मौका मिला। इसके पूर्व अप्रवासी भारतीय सम्मेलन के साथ देश-विदेश की कई बड़ी हस्तियां और समूहों की अगवानी मांडू कर चुका है और अब आने वाले 12 जून को वृक्ष देश के प्रतिनिधि यहां पहुंचने वाले हैं। कृषि क्षमता के साथ मांडू पहुंचकर वृक्ष देश के मेहमान हमारी पर्यटन क्षमता से भी रूबरू होंगे। इन देशों के प्रतिनिधि पहुंचेंगे मांडू प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रिक्स समूह में शामिल ब्राजील, भारत,रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र,इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई, इंडोनेशिया, मलेशिया, युगांडा, नाइजीरिया,थाईलैंड,कोलंबिया के प्रतिनिधि मेहमान मांडू पहुंचेंगे। इसमें इन देशों के कृषि मंत्रियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी प्रतिनिधि शामिल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ब्रिक्स समूह के मेहमान 12 जून को मांडू पहुंचेंगे यहां ऐतिहासिक जहाज महल, हिंडोला महल, शाही परिसर, चंपा बावड़ी आदि ऐतिहासिक स्मारकों का भ्रमण कर शाम को जहाज महल परिसर में होने वाले साउंड एंड लाइट शो के माध्यम से मांडू के सदियों पुराने इतिहास से रूबरू होंगे। रात्रि भोज मांडू में ही होगा। इस मौके पर अतिथियों के सत्कार के लिए यहां सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे जिसके माध्यम से अतिथि भ्रमण का और भी आनंद उठा पाएंगे।

### शक्तिशाली समूह है ब्रिक्स

आपको बता दें ब्रिक्स समूह दुनिया का शक्तिशाली समूह है। इसमें शामिल देशो में विश्व की कुल 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है। वैश्विक जीडीपी का 35 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विश्व के 45 प्रतिशत अनाज उत्पादक और 68 प्रतिशत किसान देश का हिस्सा है। खाद्य सुरक्षा पर इनका फैसला पूरी दुनिया को प्रभावित करता है। भारत के लिए रणनीति मंच, कृषि और खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश और ग्लोबल लीडरशिप के नजरिया से यह मंच महत्वपूर्ण है। अतिथि सत्कार के साथ सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश बुधवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीणा,पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी मांडू पहुंचे। कलेक्टर एवं एसपी ने आगामी ब्रिक्स समूह के मांडू भ्रमण को लेकर जहाज महल का भ्रमण किया उसके बाद अधिकारियों की बैठक में विदेशी मेहमानों की सुरक्षा उनके दौरे से जुड़ी व्यवस्थाओं के साथ स्वागत और सत्कार को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राहुल गुप्ता, एसडीओपी मोनिका सिंह, सुजावल जग्गा, प्रशांत पाटणकर, तहसीलदार विशाखा चौहान, राहुल गायकवाड सीएमओ सुशील ठाकुर के साथ अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा मंडल नालछा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**मांडू**। भारतीय जनता पार्टी मंडल नालछा की प्रतिमाह आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक का आयोजन गुरुवार को नालछा में संपन्न हुआ। बैठक में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रघु निनामा ने की। उन्होंने स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के धार ग्रामीण जिला प्रभारी श्री रविंद्र परिहार, जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष राठौड़ एवं पूर्व जिला मंत्री श्री पवन कुशवाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन द्वारा चलाए जाने वाले अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष सोनू मंडवाल ने किया, जबकि अंत में मंडल कार्यालय मंत्री श्री रवि प्रजापत ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

बैठक में मंडल महामंत्री विनोद ठाकुर,अशोक मिरदवाल, डॉ. महेश यादव, श्री निखिल ग्वाल, श्री प्रभु बारिया, प्रेमसिंह डावर, श्री मगन मुवेल, गोकुल गिरवाल, राजेश बडुकिया, श्री गोपाल कटारे, श्री सचिन दायमा, श्री दिलीप पटेल, श्री गोलू पटेल, श्री भावसिंह मकवाना सहित बड़ी संख्या में अपेक्षित, वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे उक्त जानकारी नालछा मंडल मीडिया प्रभारी श्री आकाश कुशवाह ने दी।